| Publication | DT Next |
| --- | --- |
| Date | 14th August 2026 |

# Shriram Properties Q1 profit dips 46%

NEW DELHI: Realty firm Shriram Properties has reported a 46 per cent decline in consolidated net profit to Rs 11.04 crore for the quarter ended June 30, mainly on higher expenses. Its net profit stood at Rs 20.59 crore in the year-ago period. Total income, however, rose marginally to Rs 271.04 crore in the first quarter of this fiscal from Rs 261.54 crore in the corresponding period of the preceding year, according to a regulatory filing on Wednesday. Operational expenses and tax outgo increased during the April-June quarter while it also posted a loss in joint venture projects.

| Publication | Dakshin Bharat |
|---|---|
| Date | 14th August 2026 |

# श्रीराम प्रॉपर्टीज का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत घटकर 11 करोड़ रुपये




**चेन्नई/नईदिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी श्रीराम प्रॉपर्टीज का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत घटकर 11.04 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 20.59 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में कुल आय मामूली बढ़कर 271.04 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 261.54 करोड़ रुपये थी। कंपनी के परिचालन खर्च और कर व्यय अप्रैल-जून तिमाही में बढ़े। इसके अलावा, संयुक्त उद्यम वाली परियोजनाओं में भी कंपनी को नुकसान हुआ। परिचालन प्रदर्शन के मोर्चे पर श्रीराम प्रॉपर्टीज की पहली तिमाही में बिक्री बुकिंग 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 484 करोड़ रुपये रही। श्रीराम प्रॉपर्टीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुरली एम. ने कहा, ''हमने वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत मजबूत प्रदर्शन के साथ की है। चेन्नई और कोलकाता में हमारी नई परियोजनाओं को ग्राहकों की उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है।'' श्रीराम प्रॉपर्टीज की बेंगलूरु, चेन्नई, पुणे और कोलकाता में मौजूदगी है।